कोरोना से लड़ाई

फूड वैन रवाना, गरीबों को मिलेगा राशन

- फूड किट में है चावल, दाल, आलू, तेल, नमक, मसाला व साबुन
- सोनुवा के आसनतलिया, गोलमुंडा व देवांवीर के ग्रामीणों को मिलेगा किट

सोनुवा | संवाददाता

लॉकडाउन में गांवों के गरीब व असहाय लोगों को सहायता पहुंचाने के लिए प्रदान संस्था व पोड़ाहाट महिला महासंघ के संयुक्त प्रयास से शुरू किये गये फूड किट वैन को रविवार को सोनुवा प्रखंड कार्यालय परिसर से गांवों के लिए रवाना किया गया।

रविवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में सोनुवा के बीडीओ समीर कच्छप ने झंडा दिखाकर फूड किट वाहन को गांवों के लिए रवाना किया।

इस संबंध में बीडीओ ने बताया ग्रामीणों के लिए तैयार किये गये फूड किट में चावल, दाल, आलू, तेल, नमक, मसाला व साबुन पैक किया गया है। रविवार को सोनुवा के गोलमुंडा, आसनतलिया व देवांवीर पंचायत के ग्रामीणों के बीच फूड किट का वितरण किया। मौके पर प्रदान संस्था व पोड़ाहाट महिला महासंघ की मलिन मुंडा, पायल घोष, निशु निशांत, संदीप प्रधान, रूपेश, मनोज नायक, गोवर्धन सुरिन आदि मौजूद थे।

सोनुवा प्रखंड कार्यालय में फूड किट वैन को झंडी दिखाकर रवाना करते बीडीओ।